आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 06.01.2025 समय: 2.10 PM

यूनियन कार्बाइड कचरा

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर में जलाने के मामले में अब 18 फरवरी को सुनवाई करेगा ।

इस मामले में दायर एक याचिका पर आज मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई की.

सरकार ने हाईकोर्ट से 6 सप्ताह का समय और माँगा था जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर अगली तारीख तय कर दी .

यह याचिका इंदौर की एमजीएम एलुमिनाई एसोसिएशन ने दायर की थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि सरकार ने इंदौर और पीथमपुर की जनता को भरोसे में लिए बिना यह एकतरफा कदम उठाया है।

वहीँ, आज पीथमपुर में रामकी एनवायरो फैक्ट्री के आसपास सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। यहाँ दो अस्थायी पुलिस चौकियां बनाई गईं। पुलिस लगातार इलाके में गश्त करती रही।

उधर, जबलपुर के नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक याचिका दायर कर मांग की है कि प्रदेश सरकार शपथ पत्र दे कि जहरीले कचरे के निस्तारण से भूमि, जलवायु और

जनता के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं होगा। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि हाईकोर्ट ने सरकार की बात मान ली है:

निर्मला बजट

केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमन ने आज नई दिल्ली में हितधारकों और व्यापार संघों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व सलाहकार बैठक की अध्यक्षता की। बैठक केन्द्रीय बजट 2025-26 पेश करने से पहले आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के अलावा वित्त, निवेश और सार्वजनिक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, आर्थिक कार्य विभाग तथा श्रम मंत्रालय के सचिवों सहित मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भाग लिया।

राष्ट्रपति-गुरु गोविंद सिंह

10 वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का आज प्रकाश पर्व है. इस मौके पर पर प्रदेश में गुरुद्वारों को सजाया गया है और विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रकाश पर्व पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि मानवता की भलाई के लिए गुरु गोविंद सिंह की निस्वार्थ भक्ति नागरिकों को प्रेरित करती रहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के विचार नागरिकों को प्रगतिशील, समृद्ध और दयालु समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव आज इस अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का शौर्य, त्याग, परोपकार एवं प्रखर विचार हम सभी के लिए विश्व कल्याण के प्रति स्नेह, सहयोग और समर्पण की प्रेरणा के अनंत स्रोत बने रहेंगे।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में आज कोहरा छाया रहा। मऊगंज जिले में दृश्यता 20 मीटर रही। वहीं, भिंड में घने कोहरे के चलते एक ट्रैक्टर पेड़ से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी।

मौसम विभाग के अनुसार दिन-रात के पारे में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीँ, पश्चिमी विक्षोप की वजह से बर्फीली हवा प्रदेश में आने लगेगी और ठंड बढ़ जाएगी । मौसम विभाग ने 12 जनवरी से प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है ।

युवा महोत्सव

राजधानी भोपाल में आज खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने 28वें राज्यस्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया। 8 जनवरी तक चलने वाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव में 07 विधाओं में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताए आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तरीय उत्सव में 10 संभागों से 350 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। 8 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय युवा उत्सव का समापन होगा. युवा उत्सव के विजेता 12 जनवरी को दिल्ली में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

समाचार संक्षेप में...

1. आगरमालवा जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि हमारी सरकार अन्य राज्यों की भांति मध्यप्रदेश में भी अलग से गोपालन मंत्रालय का गठन करेगी।

2. सतना जिले आज में सुबह से ही कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण ठंड बढ़ गई है । और

3. सागर जिले में आज ट्रक और एक यात्री वाहन में एक टक्कर में चार लोगों की मृत्यु हो गयी और तीन गंभीर रूप से घायल है. इस दुर्घटना का शिकार हुए सभी लोग फोर लाइन सड़क पर मजदूरी करने के लिए जा रहे थे ।